राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मलसीसर

पीठासीन अधिकारीः– शकुन्तला चौधरी

मुकदमा नम्बरः–104/2020

सुरेन्द्र कुमार पुत्र भादरराम जाति मेघवाल निवासी खोहरी तहसील मलसीसर

–प्रार्थी

बनाम

राजस्थान राज्य जरिये लैण्ड हॉल्डर तहसीलदार मलसीसर

–अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अ.धा 136 भू–राजस्व अधिनियम

निर्णय दिनांक 25.02.2021

निर्णय

प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता प्रार्थना पत्र अ.धा. 136 आर.टी. एक्ट इस आशय का पेश किया है कि वाके ग्राम खोहरी पटवार हल्का भूदा का बास तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं की सरहद में स्थित भूमि खसरा नंबर 20 रकबा 1.62 है0, ख.न. 21 रकबा 2.01 है0, ख.न. 22 रकबा 2.05 है0 अवस्थित है। उक्त भूमि में प्रार्थी का हिस्सा 0.2573 है0 जिस पर प्रार्थी अपने हिस्से काबिज काश्त हैं। प्रार्थी का नाम सहवान से सुरेन्द्र कुमार पुत्र भादरराम के स्थान पर कालू पुत्र भादरमल दर्ज हो गया । इस अशुद्धी को दुरूस्त करवाने के लिए प्रार्थना पत्र सेवा में पेश किया है। तहसीलदार की जांच रिपोर्ट प्रार्थी ने अपने नाम के समर्थन में सरकारी दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, शपथ पत्र व सरपंच भूदा का बास का प्रमाण पत्र सेवा में पेश किया हैं। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि कालू पुत्र भादरमल के स्थान पर सुरेन्द्र कुमार पुत्र भादरराम दर्ज करने का आदेश फरमावें। प्रार्थना पत्र दर्ज किया जाकर अप्रार्थी की तलबी वास्ते जबाबदेही की गई।

बहस प्रार्थना पत्र एक तरफा श्रवण की गई। बहस के दौरान अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराया तथा प्रार्थना पत्र में अंकित कालू पुत्र भादरमल के स्थान पर सुरेन्द्र कुमार पुत्र भादरराम फरमाया जावें।

पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया तथा बहस पर मनन किया गया ग्राम खोहरी पटवार हल्का भूदा का बास तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं की सरहद में स्थित भूमि खसरा नंबर 20 रकबा 1.62 है0, ख.न. 21 रकबा 2.01 है0, ख.न. 22 रकबा 2.05 है0 में कालू पुत्र भादरमल राजस्व रिकार्ड है लेकिन राजस्व रिकार्ड में सहवान सुरेन्द्र कुमार पुत्र भादरराम के स्थान पर कालू पुत्र भादरमल दर्ज हो गया। इस अशुद्धी को दुरूस्त करवाने के लिए प्रार्थना पत्र सेवामें पेश किया गया है। इस प्रकार उक्त विवेचन से प्रार्थी के राजस्व रिकार्ड में उपर्युक्त त्रुटियां दुरूस्त किया जाना उचित प्रतित होता है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम खोहरी पटवार हल्का भूदा का बास तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं की सरहद में स्थित भूमि खसरा नंबर 20 रकबा 1.62 है0, ख.न. 21 रकबा 2.01 है0, ख.न. 22 रकबा 2.05 है0 जमांबदी संवत 2074–77 में अंकित कालू पुत्र भादरमल के स्थान पर सुरेन्द्र कुमार उर्फ कालू पुत्र भादरराम दुरूस्त किया जाता है। खाते के शेष इंद्रजात यथावत रहेंगें। तहसीलदार तदनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती करें।

(शकुन्तला चौधरी)
उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

निर्णय आज दिनांक 25.02.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(शकुन्तला चौधरी)
उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर